**परीक्षा नियंत्रक**, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
(विश्वविद्यालय परिसर) सेक्टर–एफ, शान्तिपुरम्, फाफामऊ,
इलाहाबाद।

संलग्नक :- पर्यवेक्षक नियुक्ति पत्र की छायाप्रति

Dr. Shashi Kant Tiwari
*Principal*

09305105130, 08400209727
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. : 01/O.U/Correspondance/2013 Dated : 20/07/2013

प्रेषक--

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष
डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया (उ0प्र0)

सेवा में,

माननीय कुलपति महोदय
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर)सेक्टर--एफ, शान्तिपुरम, फाफामऊ,
इलाहाबाद (उ0प्र0)

विषय-- डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया पर दिनांक 20 जून 2013 को प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी के स्पष्टिकरण के सम्बन्ध में।

महोदय

दिनांक 20 जून 2013 को द्वितीय पाली में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषयों **B.Com-08, MAED-06, M.com-04(N)** तथा **UGPS-04** की परीक्षाएँ सम्पन्न करायी गयी, जिसमे कुल 53 छात्रों की संख्या निर्धारित थी तथा उपरोक्त सभी विषयों की परीक्षाएँ निर्धारित समय सीमा दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक मेरे स्वयं की मौजूदगी में सूव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से करायी गयी थी।

परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त सभी कक्ष निरीक्षक नियमतः 05 बजकर 10 मिनट पर उत्तर पुस्तिकाओं को केन्द्राध्यक्ष के कार्यालय में जमा कर चले गये थे। मेरे स्वयं की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओ का मिलान करके सील करने की तैयारी की जा रही थी जैसा की विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक संख्या ओ0 यू0/परीक्षा/गोपनिय/2013 दिनांक 21 मई 2013 के अनुसार निर्देशित किया गया था। तदनुसार उत्तर पुस्तिकाओं को दुसरे दिन रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा भेजा जाना था।

जैसा की विदित हो कि केन्द्र सं0 S-703 डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया उ0 प्र0 को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के बाद वो सारे शिक्षा माफिया खार खाये बैठे थे जिनके महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र नही बनाया गया था। जिसके जरिये वे अवैध कमाई और धनादोहन करते थे। जिसके परिणाम स्वरूप मेरे महाविद्यालय/परीक्षाकेन्द्र के विरूद्ध एक साजिश के तहत उक्त छापेमारी करायी गयी। इस साजिश में विश्वविद्यालय के भी कुछ लोग शामिल है जो इन शिक्षा माफियाओं से सॉठ--गॉठ रखते है और इनके अवैध कमाई के भागीदार भी है।

जहां तक उक्त छापेमारी की बात है, इसके सन्दर्भ मे मेरा स्पष्टीकरण यह है कि परीक्षा सम्पन्न कराने के बाद मै स्वयं की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओं का मिलान करा रहा था इसी दौरान सायं 6:30 बजे एस0 डी0 एम0 दिनेश गुप्ता ने भारी पुलिस बल के साथ केन्द्र पर धावा बोला जब उनके हाथ कुछ नही लगा तो वे मिलान की गयी उत्तर पुस्तिकाओं मे से कुछ उत्तर पुस्तिकाओं को निकाल लिये तथा पुस्तकालय में जाकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कुछ किताबें निकाल लाये और उसको जबरिया नकल सामग्री साबित करने पर आमादा हो गये। जब हमने उनके इस बात का विरोध किया तो वे नाराज होकर धमकी देने लगे और अपने साथ लाये पुलिस बल के द्वारा मेरे उपर दबाव बनाकर एक सादे कागज पर मनचाहा वक्तव्य लिखवा लिया। इसके बाद उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व अपने करीबी मीडीया के कुछ लोगों को बुला लिया।

Dr. Shashi Kant Tiwari
*Principal*

09305105130, 08400209727
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :.......................                (2)                Dated :.......................

जिला विद्यालय निरीक्षक ने एस0 डी0 एम0 के कहने पर मुझे किनारे ले जाकर एक लाख रूपये की मांग की जिसे मैने तत्काल मना कर दिया, जो कि इनकी नियति रही है,(इस सन्दर्भ में एक प्रमाण पत्र भी आपके संज्ञान में लाने के लिए संलग्न किया जा रहा है।) जिससे खुन्नस खाये एस0 डी0 एम0 और जिला विद्यालय निरीक्षक ने मीडीया के सामने एक मैनेज स्टोरी पेश कर दी, और कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया।

मीडीया के लोगों ने भी खबर रोकने के नाम पर मुझसे पैसे मांगे पर मेरे द्वारा मना कर दिये जाने से छापेमारी को मिर्च मसाले के साथ छापा गया जो कि तथ्यहीन और आधारहीन है।

जहांतक अखबारों में छात्रों के फोटो छपे है और उनको नकलची छात्र बनाया गया है इसके सन्दर्भ में मेरा स्पष्टीकरण यह है कि परीक्षा समाप्त होने के बाद कुछ छात्र जो सुदूर क्षेत्रों से आते है वे अपने अभिभावकों के आने का इन्तजार महाविद्यालय के समाने सडक पर कर रहे थे। उन छात्रों को एस0 डी0 एम0 के साथ आये बाबू और अर्दली पकड कर महाविद्यालय के छत पर ले जाकर जबरिया बैठाकर फोटो खिचवाई जो कि अखबार मे प्रकाशित फोटो से भी स्पष्ट हो जाता है।

अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि उपरोक्त से अवगत होते हुए मेरे महाविद्यालय के विरूद्ध रची गयी साजिश को संज्ञान में ले साथ ही ऐसे लोगों के विरूद्ध भी कठोर कमद उठायें जो विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध केन्द्रो को बदनाम करने की साजिश रचते रहते है।

भवदीय
Sk Tiwari
डा0 शशिकान्त तिवारी
प्राचार्य
Principal
Defence College of Commerce & Technical Management
DEORIA (U.P.)
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स
टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0)

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषित–
परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर)सेक्टर–एफ, शान्तिपुरम, फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, शान्तिपुरम्, सेक्टर "एफ"
फाफामऊ, इलाहाबाद

डॉ.(पी0 पी0 दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

0532–2447038


पत्रांक: ओ0यू0 / परीक्षा / 6883 / 2013

दिनांक: 10 / 09 / 2013

सेवा में,

प्राचार्य / समन्वयक
डिफेन्स कालेज, आफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट,
देवरिया

विषयः– परीक्षा केन्द्र निरस्त करने के सन्दर्भ में

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि परीक्षा जून– 2013 में आपके केन्द्र **S-703 डिफेन्स कालेज, आफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया** पर दिनांक 14–06–2013 को प्रथम पाली की परीक्षा में उड़ाका दल के औचक निरीक्षण आख्या के अनुसार परीक्षा व्यवस्था असंतोषजनक थी। परीक्षार्थी स्वअध्ययन सामग्री से नकल करते पाये गये थे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 20–06–2013 को भी आपके परीक्षा केन्द्र पर द्वितीय पाली में परीक्षार्थियों के पास अनुचित सामग्री पाये जाने की शिकायत प्राप्त हुई। प्रकरण दिनांक 14–08–2013 को सम्पन्न परीक्षा समिति की 15 वीं बैठक में रखा गया। सम्यक विचारोपरान्त समिति ने आपके केन्द्र को भविष्य में परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने का निर्णय लिया।

अतः आपके केन्द्र को विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए भविष्य में परीक्षा केन्द्र नही बनाया जायेगा।

डॉ.(पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

पृ.सं.:ओ.यू. / 6883 / 2013 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया
2. एस. डी. एम. (सदर) देवरिया
3. जिलाधिकारी, देवरिया
4. कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय।
5. मा0 कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

डॉ.(पी.पी.दुबे)
परीक्षा नियंत्रक

ya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. : 03/OU/Correspondance/2013-14 Dated : 06/11/2013

प्रेषक,

प्रबन्धक
डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया (उ0प्र0)

सेवा में,

माननीय कुलपति महोदय,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

विषय :– विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ओ.यू./परीक्षा/6883/2013 दिनांक 10/09/2013 विषयक प्रकरण पर आपत्ति/स्पष्टीकरण

महोदय,

सानुरोध अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ओ.यू./परीक्षा/6883/2013 दिनांक 10/09/2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (छायाप्रति संलग्न है)

उक्त पत्र में केन्द्र संख्या **S-703**, डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) को दिनांक 14/08/2013 हुई परीक्षा समिति की 15वीं बैठक में परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने का निर्णय लिया गया है– जिसका **प्रथम आधार** दिनांक 14/06/2013 को प्रथम पाली परीक्षा में उड़ाका दल की निरीक्षण आख्या को बताया गया है तथा उक्त पत्र में यह उल्लिखित किया गया है कि उड़ाका दल की निरीक्षण आख्या में "परीक्षा व्यवस्था असंतोषजनक थी और परीक्षार्थी स्व–अध्ययन सामग्री से नकल करते पाये गये थे।" **द्वितीय आधार** जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया द्वारा प्रेषित रिपोर्ट–जिसमें 20/06/13 को परीक्षा केन्द्र पर द्वितीय पाली में परीक्षार्थीयों के पास अनुचित सामग्री पाये जाने की शिकायत की गयी है।

**प्रथम आधार** के संदर्भ में श्रीमान को विदित कि उक्त दिनांक को विश्वविद्यालय का उड़ाका दल हमारे महाविद्यालय पर आया था जिसका नेतृत्व डा0 टी0एन0 दुबे (पुस्तकालयाध्यक्ष) कर रहे थे। उड़ाका दल के निरीक्षण में कुछ भी आपत्तिजनक नही मिला जिसपर डा0 टी0एन0 दुबे ने केन्द्राध्यक्ष से कहा कि मुझे इस महाविद्यालय के लिए विशेष रूप से भेजा गया है इसलिए मुझे कुछ न कुछ तो खानापुर्ति करनी ही होगी यह कहकर डा0 टी0एन0 दुबे परीक्षा कक्ष में गये और उधर से आठ उत्तर पुस्तिकाओं पर लाल स्याही से क्रास करके ले आये और पर्यवेक्षक तथा केन्द्राध्यक्ष महोदय से अनुचित सामग्री के प्रयोग की बात कही जिसपर तत्काल पर्यवेक्षक व केन्द्राध्यक्ष ने आपत्ति जताते हुए अनुचित सामग्री दिखाने की मांग की जिसपर डा0 टी0एन0 दुबे भड़क उठे और केन्द्राध्यक्ष को फटकारते हुए कहा कि जैसा कह रहा हूँ वैसा ही करो मुझे उपर से निर्देश मिला है। तदोपरान्त उक्त कापियों को सील कराकर विश्वविद्यालय को भेजने का निर्देश दिया। अतः

Su/ya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 094150473

डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमे
*Defence College of Commerce & Technical Managem*
Deoria (U.P.) - 274

Letter No. :......................                    Dated :......................



श्रीमान जी से अनुरोध है कि उक्त उत्तर पुस्तिकाओं के साथ संलग्न अनुचित नकल सामग्री का परीक्षण करान की कृपा करें क्योंकि यदि अनुचित सामग्री का प्रयोग हुआ है तो उक्त अनुचित नकल सामग्री पर उड़ाका दल के प्रभारी और केन्द्राध्यक्ष/पर्यवेक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर मिलने चाहिए और यदि ऐसा नही है तो प्रथम आधा अपने आप में शून्य हो जाता है तथा उक्त कार्यवाही/निरीक्षण आख्या किसी सोची समझी साजिश का हिस्स मानी जायेगी।

**द्वितीय आधार** के सन्दर्भ में श्रीमान जी को विदित कि दिनांक 20/06/2013 को द्वितीय पाली क परीक्षा समाप्ति के बाद सायं 06:30 बजे प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष और समन्वयक कापियों का मिलान करा रहे थे ज कि परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या ओ.यू /परीक्षा/गोपनीय /2013 दिनांक 21/05/2013 के नियमानुसार अगले दिन पूर्वाहन रजिस्टर्ड पार्सल व माध्यम से डिस्पैच होना था (पत्रांक की छायाप्रति संलग्न है।) उसी समय **एस0डी0एम0 देवरिया सदर** ने केन्द्र पर छापेमारी की जिसमें उनके हाथ कुछ भी नही लगा जिसपर एस0डी0एम0 साहब ने किसी से फोन पर बा की और परीक्षा केन्द्र पर कुछ भी आपत्तिजनक नही मिलने की बात कही किन्तु फोन पर उन्हे पता नही क्य कहा गया कि वे तनाव में आ गये और साथ लाये पुलिस बल के जवानों और अपने अर्दली के जरिए परीक्ष केन्द्र के बाहर सड़क पर खड़े सुदुर क्षेत्रों से आने वाले छात्रों (जो अपने अभिभावकों के आने की प्रतिक्षा क रहे थे) को पकड़वाकर जबरिया परीक्षा केन्द्र के उपरी मंजिल के छत पर ले गये और साथ में ला मिडियाकर्मियों से उनकी फोटो खिंचवायी तथा मिलान की जा रही उत्तर पुस्तिकाओं में से कुछ को निका लिया तदोपरान्त जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया को बुलाकर मुकदमा दर्ज कराने को कहा जिसके आलोक पूरा विवरण और स्पष्टीकरण प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक द्वारा विश्वविद्यालय को दिया और भेजा ज चुका है। **(सभी छायाप्रति संलग्न है) साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया के बारे में यह बताना आवश्य है कि वे एक विवादित अधिकारी रहे हैं और रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम द्वारा हाथरस जिले गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। (जिसकी छायाप्रति प्रमाण संलग्न है।)**

पत्रांक संख्या ओ.यू./परीक्षा/6883/2013 दिनांक 10/09/2013 का पत्र प्राप्त होने के उपरान जब हमने जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया रामाज्ञा कुमार से सम्पर्क किया और उनके द्वारा विश्वविद्यालय व भेजे गये शिकायती पत्र के बावत जानकारी चाही तो उन्होने ऐसे किसी पत्र को भेजे जाने की बात से इन्का कर दिया। दिनांक 29/10/2013 को जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया द्वारा प्रेषित पत्र पृष्ठांक संख्या/मेमो/2013–14 दिनांक 10 अक्टूबर 2013 महाविद्यालय के प्राचार्य को प्राप्त हुआ जिसमें उल्लिखित कि संदर्भित प्रकरण में विश्वविद्यालय को रिपोर्ट/आख्या प्रेषित करना उनके अधिकार क्षेत्र में नही आता अ न ही ऐसा कोई पत्र उनके द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया है। **(प्रेषित पत्र की छायाप्रति संलग्न है** अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि आधार संख्या द्वितीय प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक द्वारा प्रेषि स्पष्टिकरण और जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया द्वारा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को प्रेषित पत्र अनुसार आधारहीन हो जाता है तथा आधार संख्या द्वितीय भी तथ्यों के आधार पर एक सुनियोजित साजिश त तरफ ही इशारा कर रहा है।

श्रीमान जी को ज्ञात हो कि मेरे महाविद्यालय पर दिनांक 20/06/2013 को हुई छापेमारी के बा एक पत्र परीक्षा नियंत्रक के द्वारा पत्रांक संख्या ओ.यू./परीक्षा/5911/2013 दिनांक 24/06/2013 व

.ya Kant Tiwari
.nager

08005402929, 09415047365

डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :.......................                    Dated :..........................



विश्वविद्यालय परिसर के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में मुझे दिया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य/समन्वयक को इंगित करते हुए माननीय कुलपति महोदय के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश प्राप्त हुआ था।

श्रीमान जी को विदित कि पत्र प्राप्ति के उपरान्त पुनः प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक और मैं स्वयं (प्रबन्धक) माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर ए0के0 बख्शी के समक्ष उपस्थित हुए और पूरे मामले पर विस्तृत जानकारी दी इसके बाद लिखित स्पष्टीकरण भी दिया। उक्त स्पष्टीकरण से माननीय कुलपति महोदय पूरी तरह संतुष्ट हो गये और हम सबको यह आश्वासन भी दिया कि **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की जायेगी।

खेद के साथ निवेदन करना पड़ रहा है कि विश्वविद्यालय के कई जिम्मेदार माननीय कुलपति महोदय के पीठ पीछे जिले के कई शिक्षा माफियायों के इशारे पर कार्य करते रहे और मेरे महाविद्यालय के विरूद्ध साजिश रचते रहे। इसके पीछे बड़ी वजह यह रही है कि कई शिक्षा माफियायों के महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों व अन्य कई सम्बद्ध केन्द्रो के परीक्षार्थीयों को हटाकर निवर्तमान माननीय कुलपति महोदय की सहमति पर मेरे महाविद्यालय के साथ जोड़कर परीक्षा केन्द्र बनाया गया जिससे उनकी कमाई का जरिया बाधित हुआ, जिससे सारे शिक्षा माफिया खार खा बैठे और विश्वविद्यालय में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मेरे महाविद्यालय को नेस्तनाबूत और बदनाम करने की साजिश रच डाली।

मेरे इस कथन के पीछे किसी पर आरोप लगाने का मकसद नही है अपितु जो तथ्य सामने आये है वे खुद ही इसी तरफ इशारा कर रहे हैं, मसलन उड़ाका दल उस दिन शहर में विशेष रूप से मेरे परीक्षा केन्द्र **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया (उ0प्र0) पर ही आया जबकि **B.J.P** के कुछ नेताओं ने उड़ाका दल प्रभारी से मिलकर उनसे केन्द्र संख्या **S-017** बी0आर0डी0 कालेज, देवरिया तथा एक अन्य महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर भारी मात्रा में हो रही सामुहिक नकल के बारे में लिखित शिकायत की तथा कुछ फोटोग्राफ भी प्रमाण स्वरूप में दी किन्तु इन केन्द्रो पर उड़ाका दल नहीं गया।

विश्वस्त सुत्रों के मुताबिक विश्वविद्यालय में लागू नियमों को ताक पर रखकर देवरिया जिले के एक केन्द्र को अध्ययन सामग्री डाक द्वारा न भेज कर ट्रक से ले जाने के लिए दे दिया गया है जो जिले के शिक्षा माफियाओं और विश्वविद्यालय में उनके सहयोगियों द्वारा कतिपय काकस का एक जीता जागता नमूना है।

साथ ही श्रीमान जी को अवगत कराना है कि इस काकस में पुर्व परीक्षा नियन्त्रक डा0 आर0पी0एस0 यादव कुलसचिव डा0 ए0के0 सिंह एवं परीक्षा अनुभाग ओ0 एस0 डी0 डा0 मुकेश कुमार की भुमिका संदिग्ध है।

श्रीमान जी को विदित कि सम्पन्न हुई जून माह की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र त्रुटिपुर्ण एवं अपुर्ण थे। किसी भी परीक्षर्थी के प्रवेश पत्र पर पहचान के लिए न फोटो अंकित था और न ही कोई अन्य पहचान जिससे कि सही एवं उचित परीक्षार्थीयों की पहचान कर पाना एक दुष्कर काम बन गया था फिर भी हमने अपने स्तर पर सतर्कता बरतने की पूरी कोशिश की। विश्वविद्यालय द्वारा इतनी बड़ी चूक को नजरअंदाज किया गया जबकि मेरे महाविद्यालय द्वारा पूरी सतर्कता बरतने के बावजूद हमें साजिश के तहत फंसाया गया।

अतः श्रीमान जी से सविनय निवेदन है कि मेरे परीक्षा केन्द्र **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध रची गयी साजिश का संज्ञान लेते हुए केन्द्र संख्या **S-703** को

...rya Kant Tiwari
M...nager

08005402929, 09415047365

डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :..................... Dated :.........................



काली सूची से मुक्त करते हुए परीक्षा केन्द्र बनाए रखने की महती कृपा प्रदान करें साथ ही संदिग्ध एवं विवादित भुमिका के लोगो की जॉच कराकर उनके विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही करना विश्वविद्यालय हित में होगा जिससे भविश्य में किसी अन्य केन्द्र के साथ ऐसी साजिश न हो सके और विश्वविद्यालय बदनाम होने से बचा रहे।

भवदीय

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

पत्रांक संख्या :03/OU/Correspondance/2013-14 dated : As above

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. प्रमुख सचिव, कुलाधिपति
   राजभवन, लखनऊ (उ0प्र0)
2. कुलसचिव,
   उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)
3. परीक्षा नियंत्रक
   उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

संलग्नक :—

1. पत्रांक सं0 ओ0यू0/परीक्षा/गोपनीय/2013 दिनांक 21.05.2013 की छाया प्रति।
2. पत्रांक सं0 01/OU/Correspondance/2013 dated 20/07/2013
3. केन्द्र सं0 एस–703 के पर्यवेक्षक का स्पष्टीकरण पत्र।
4. विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक की नियुक्ति–पत्र।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया के विरूद्ध शासन द्वारा की गयी कार्यवाही की छायाप्रति।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया द्वारा प्राचार्य, डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मनैजमेन्ट, देवरिया को प्रेषित पृ0सं0/मेमो/2013–14 दिनांक 10.10.2013 की छायाप्रति।

भवदीय

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

Manager
Defence College of Commerce
Technical Management
DEORIA (U.P.)-274001

..rya Kant Tiwari
Manager

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
**Deoria (U.P.) - 274001**

Letter No. 04/OU/Correspondance/2013-14 Dated : 22/11/2013

प्रेषक,

प्रबन्धक
डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया (उ0प्र0)

सेवा में,

परीक्षा नियन्त्रक महोदय
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

विषय :— केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध सुनियोजित साजिश के तहत बदनाम करने के पश्चात, साजिश के पर्दाफाश होने के उपरान्त महाविद्यालय की खोई प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा उठाये गये कदम अथवा मार्गदर्शन के सम्बन्ध में।

महोदय,

केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) को जून 2013 में सम्पन्न हुई परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के एक काकस द्वारा सुनियोजित साजिश के तहत बदनाम किया गया तथा उसी साजिश के आलोक में उपरोक्त केन्द्र/महाविद्यालय को आपके पत्रांक संख्या ओ. यू./परीक्षा/6883/2013 के द्वारा महाविद्यालय को काली सूची में डाल दिया गया तथा परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने का निर्णय भी परीक्षा समिति की बैठक में पारित करवा दिया गया।

जैसा कि 20/06/2013 की परीक्षोपरांत रचे गये साजिश के स्पष्टीकरण तथा व्यक्तिगत तौर पर भी विश्वविद्यालय को लगातार यह बताया गया कि केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध साजिश रची गयी है, परन्तु हमारी यह बात कतिपय लोगों के प्रभाव में या पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं सुनी गयी।

केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) को काली सूची में डालने एवं परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने के दो आधार बनाये गये थे, जो आधारहीन और शून्य निकले (महाविद्यालय के पत्रांक संख्या 03/OU/Correspondance/2013-14 dated 06//11/2013 का सन्दर्भ ग्रहण करें।)

...rya Kant Tiwari
Manager

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
**Deoria (U.P.) - 274001**

Letter No.................... Dated :..........................



उपरोक्त पत्रांक संलग्नक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया के पत्र से यह बात पूर्ण रूप से स्पष्ट हो गया कि केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ०प्र०) के विरूद्ध साजिश रची गयी थी जिसमें विश्वविद्यालय के कई जिम्मेदार शामिल हैं।

अतः श्रीमान जी से विनम्र निवेदन के साथ यह जानना है कि उपरोक्त तथ्य प्रकाश में आने के बाद क्या महाविद्यालय की प्रतिष्ठा गिराने वाले विश्वविद्यालय के तमाम जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी है ? साथ ही केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ०प्र०) की प्रतिष्ठा बहाली के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई ठोस कदम उठाया गया है, यदि ऐसा नहीं है तो अपनी प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करने के लिए केन्द्र संख्या **S-703** को कौन से कदम उठाने चाहिए, कृपया मार्गदर्शन करने की कृपा करें।

भवदीय

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

पत्रांक संख्या : /OU/Correspondance/2013-14 dated : As above

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मा० कुलाधिपति के प्रमुख सचिव,
   राजभवन, लखनऊ (उ०प्र०)
2. कुलपति महोदय,
   उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ०प्र०)
3. कुलसचिव
   उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ०प्र०)

भवदीय

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

Surya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 09415047365

डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. : 05/OU/Correspondance/2013-14 Dated : 23/11/2013

प्रेषक,

प्रबन्धक
डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया (उ0प्र0)

सेवा में,

माननीय कुलपति महोदय,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

विषय :– **केन्द्र संख्या S-703 डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध सुनियोजित साजिश, बदनाम करने, काली सूची में डालने, परीक्षा केन्द्र निरस्त करने तथा बदनाम केन्द्र और अवैध वसूली करने वाले केन्द्रों पर कृपा करने सम्बन्धी तथ्य एवं प्रमाण तथा साजिश में शामिल काकस पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं केन्द्र संख्या S-703 की पुरानी स्थिति बहाल करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन के साथ अवगत कराना है कि केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0), देवरिया जिले में उच्च शिक्षा के क्षेत्र एवं अनुशासन के मामले में प्रतिष्ठित संस्थान रहा है तथा दिनों दिन उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर था। यह स्थिति देवरिया जिले के शिक्षा माफियाओं को नहीं सुहाई जिसके चलते वे विश्वविद्यालय में मौजूद अपने आकाओं के साथ मिलकर महाविद्यालय के विरूद्ध एक सुनियोजित साजिश की और सफलतापूर्वक उसको अंजाम भी विश्वविद्यालय के माफिया गिरोह ने दे दिया।

एक तय स्क्रिप्ट पर रोल प्ले करते हुए केन्द्र संख्या **S-703** को झूठी रिपोर्ट, मनगढ़ंत आरोप और एकतरफा कार्यवाही करते हुए उक्त केन्द्र को काली सूची में डाल दिया गया और परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया गया, जबकि जिले के बदनाम परीक्षा केन्द्रों जहाँ सामूहिक नकल कराई जा रही थी और अवैध

फाइल प्रस्तुत किया
Soontosh
26/11/13

COE
Ashu
26/11/13

34

Surya Kant Tiwari
*Manager*

2
08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :.................... Dated :..........................



पैसे वसूले जा रहे थे वहाँ विश्वविद्यालय की कृपा बृष्टि होती रही। ऐसे तमाम केन्द्र/केन्दों पर हो रहे सामूहिक नकल और अवैध वसूली के प्रमाण भी विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों को कुछ स्थानीय नेताओं ने सौंपे पर वाह रे कर्तब्यनिष्ठ अधिकारी सबकुछ रद्दी की टोकरी में डाल वापस विश्वविद्यालय चले गये

जिसकी सबसे बड़ी वजह यह रही कि कुछ ऐसे आरोपित केन्द्र शिक्षामाफियाओं के हैं या विश्वविद्यालय के शिक्षामाफिया संगठन के कृपा पात्र हैं, क्योकि अवैध कमाई का हिस्सा विश्वविद्यालय में मौजूद शिक्षा माफियाओं तक पहुँचता है।

उक्त बातें हम हवा में नहीं कह रहे हैं, बल्कि प्रमाणित करने के लिए एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा— मसलन पूर्व परीक्षा नियन्त्रक डा0 आर0पी0एस0 यादव देवरिया के केन्द्र संख्या— **S-017** बी0आर0डी0 पी0जी0 कॉलेज में पूर्व में कार्यरत रहे हैं और इस केन्द्र के समन्वयक डा0 कमलापति प्रजापति हैं जो डा0 आर0पी0एस0 यादव के खासम—खासों में से एक हैं तथा इसी बी0आर0डी0 पी0जी0 कॉलेज में जून 2013 में (जिस सत्र में केन्द्र संख्या **S-703** को आरोपित किया गया) सम्पन्न परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल भी हुई और अवैध रूप से परीक्षार्थियों से रूपये भी वसूले गये, इन अवैध रूपयों की वसूली करने वाला कोई और नहीं बल्कि केन्द्र समन्वयक डा0 कमलापति प्रजापति के पुत्र श्री नरेन्द्र प्रजापति और उनका एक खास चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी श्री रामगनेश सिंह थे। (वसूली से सम्बन्धित फोटोग्राफ संलग्न है।) उक्त तथ्य और प्रमाण विश्वविद्यालय के शिक्षा माफियाओं और जिले के शिक्षा माफियाओं के घनिष्टतम सम्बन्धों को उजागर करने के लिए पर्याप्त है।

केन्द्र संख्या— **S-017** बी0आर0डी0 पी0जी0 कॉलेज, देवरिया में लम्बे समय से परीक्षार्थियों का शोषण किया जा रहा है तथा उनसे अवैध वसूली की जाती रही है इस बात का प्रमाण देवरिया जिले के केन्द्र संख्या— **S-075** दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महीला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 शाहीन चिश्ती एवं केन्द्र संख्या— **S-239** सर्वोदय कॉलेज ऑफ टेक्नॉलाजी एण्ड मैनेजमेन्ट, देवरिया के प्राचार्य/समन्वयक द्वारा दिनांक क्रमशः 25/05/2012 एवं 28/05/2012 को परीक्षा नियन्त्रक महोदय को प्रेषित किये गए पत्र से प्रमाणित होता है। (दोनों पत्रों की छायाप्रति संलग्न है।)

बताते चलें कि हमारे महाविद्यालय केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ0प्र0)

Surya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001



Letter No. :......................          Dated :..........................



के परीक्षा नियन्त्रक महोदय द्वारा प्रदत्त नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने का प्रमाण पत्र भी दिया गया है। (प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है।)

श्रीमान जी को विदित हो कि केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) पर स्टोरी कवर करने आये इण्डिया टी0वी0 के पत्रकार को विश्वविद्यालय की कार्य–प्रणाली में काफी झोल नजर आया जिसको स्पष्ट करने एवं प्रमाणिकता हेतु उनके द्वारा विश्वविद्यालय से कुछ बिन्दुओं पर जन सूचना **(R.T.I.)** माँगी गयी, किन्तु जैसा उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय ने समय सीमा समाप्त होने के बाद भी एक लम्बे अन्तराल पश्चात् अबतक कोई सूचना नहीं उपलब्ध करायी है। सवाल उठना लाज़मी है कि अगर विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली नियम सम्मत, पारदर्शी और पक्षपातपूर्ण रहित थी तो पत्रकार के द्वारा मांगी गयी जन सूचना **(R.T.I.)** उन्हे अबतक क्यों नही दी गयी।

श्रीमान जी अवगत हो कि विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रत्येक छात्रों को उनके अध्ययन सामग्री रजिस्टर डाक द्वारा भेजे जाने का प्रविधान है परन्तु देवरिया के ही एक अध्ययन केन्द्र को विश्वविद्यालय के संगठित शिक्षा माफियाओं द्वारा पुस्तकालय से अध्ययन सामग्री कों ट्रकों से लाद कर भेजा गया है। जिसके मूल में उक्त केन्द्र/केन्द्रों के चहेते शिक्षा माफियाओं से उक्त अध्ययन सामग्री के एवज में अवैध धनवसूली करना है। और इसी प्रकार अवैध धन वसूली का रूपया जिले और विश्वविद्यालय के शिक्षा माफिया आपस में बाँट लेते है।

ट्रकों द्वारा अध्ययन सामग्री भेजे जाने की पुष्टि श्रीमान जी विश्वविद्यालय में स्थित पुस्तकालय के रजिस्टर का भौतिक निरीक्षण करके किया जा सकता है, जिसमें उक्त अध्ययन केन्द्र/केन्द्रों के छात्रों को भेजे गये अध्ययन सामग्री के स्पीड पोस्ट या अन्य रजिस्टर्ड डाक का कोई प्रमाण नहीं मिलेगा अतः इससे स्पष्ट हो जाता है कि विश्वविद्यालय के नियमों की धज्जियाँ किस प्रकार उड़ाई गयी है जो कि कदापि उचित व नियम सम्मत नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों, कथ्यों से स्पष्ट है कि दाल में काला नहीं बल्कि काले में दाल है जो "चिराग तले अन्धेरा" वाली कहावत का जीवन्त उदाहरण है। श्रीमान जी को विदित हो कि मेरे केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) के विरुद्ध रची गयी साजिश

rya Kant Tiwari
*Manager*



08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :.....................                                                  Dated :.........................

—4—

के अभी बहुतेरे प्रमाण हैं परन्तु वे सभी विधिक दायरे में आते हैं जो कि हमारा अन्तिम विकल्प होगा, परन्तु अभी मै श्रीमान जी की अदालत में हूँ और मेरा पूरा विश्वास है कि आप द्वारा केन्द्र संख्या S-703 को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

भवदीय

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

पत्रांक संख्या : 05/OU/Correspondance/2013-14          dated : As above
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. **मा0 कुलाधिपति के प्रमुख सचिव,**
   राजभवन, लखनऊ (उ0प्र0)
2. **कुलसचिव महोदय,**
   उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)
3. **परीक्षा नियन्त्रक महोदय**
   उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
   (विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
   फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

भवदीय
Surya Tiwari
(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

Defence College of Commerce
&
Technical Management
DEORIA (U.P.)-274001

urya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. : 06/OU/Correspondance/2013-14 Dated : 02/12/2013

प्रेषक,

प्रबन्धक
डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया (उ0प्र0)

सेवा में,

माननीय कुलपति महोदय,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(विश्वविद्यालय परिसर) शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ)
फाफामऊ, इलाहाबाद (उ0प्र0)

विषय :– केन्द्र संख्या **S-703** द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों, प्रमाणों के सन्दर्भ में केन्द्र संख्या **S-703** के परीक्षा केन्द्र को बहाल करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन है कि विश्वविद्यालय के केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) महाविद्यालय के पत्रांक संख्या 01/OU/Correspondance/2013-14 dated 20//07/2013, पत्रांक संख्या 03/OU/Correspondance/2013-14 dated 06//11/2013, पत्रांक संख्या 04/OU/Correspondance/2013-14 dated 22//11/2013, पत्रांक संख्या 05/OU/Correspondance/2013-14 dated 23//11/2013 एवं पर्यवेक्षक का स्पष्टीकरण/रिपोर्ट दिनांक 13/09/2013 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें।

उक्त में विश्वविद्यालय और देवरिया जनपद के शिक्षा–माफियाओं के साजिश के परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्र संख्या **S-703** डिफेन्स कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट देवरिया (उ0प्र0) के विरूद्ध की गयी अवैधानिक कार्यवाहीयों के आलोक में केन्द्र संख्या **S-703** द्वारा विश्वविद्यालय को उक्त केन्द्र के लिए रची गयी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तथ्य, कथ्य एवं सत्य को प्रमाण सहित प्रमाणित किया जो कि पुरी ठीक तरह से आप और विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति को ज्ञात है।

खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि केन्द्र संख्या **S-703** ने विश्वविद्यालय को प्रमाण सहित अपने आपको बार–बार निर्दोष साबित किया परन्तु यह अत्यंत ही खेद का विषय है कि विश्वविद्यालय ने अपनी की हुई गलती को सुधारने की बजाय अबतक छुपाने में ही लगा हुआ है, जिसका खामियाजा केन्द्र संख्या **S-703** भुगत रहा है इस केन्द्र की जितनी भी बदनामी और मानहानि हुई है इन सबका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन ही है, जिससे विश्वविद्यालय और देवरिया जनपद के शिक्षा माफियायों के हौसले बुलन्द हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो, विश्वविद्यालय के द्वारा दिनांक 26/11/2013 को हुई परीक्षा समिति

rya Kant Tiwari
*Manager*

08005402929, 09415047365
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. :......................                                        Dated :..........................

की बैठक में केन्द्र संख्या S-703 के विरूद्ध पूर्व में की गयी अवैधानिक कार्यवाही को निरस्त कर केन्द्र की पूर्व की स्थिति बहाल कर दी गयी होती।

अतः श्रीमान जी से सानुरोध निवेदन है कि उपरोक्त को दृष्टिगत करते हुए केन्द्र संख्या **S-703** की पुरानी स्थिति को बहाल करते हुए दिसम्बर माह में होने वाली परीक्षा में परीक्षा केन्द्र बनाने की कृपा करें जिससे केन्द्र संख्या **S-703** अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करने की तरफ अग्रसर हो सके, आप के इस कदम से विश्वविद्यालय एवं देवरिया जनपद के शिक्षा माफियायों को भी एक कड़ा संदेश जाएगा जिससे वे पुनः किसी केन्द्र के विरूद्ध साजिश रचने से पहले कई बार सोचेंगे।

अस्तु पुनः निवेदन है कि केन्द्र संख्या **S-703** के परीक्षा केन्द्र को बहाल करते हुए **दिनांक 07/12/2013** तक मेरे **मोबाईल संख्या** – 08005402929 एवं केन्द्र के ई–मेल आई0डी0– **dcctm1001deoria@gmail.com.** पर सूचित करने की कृपा करें।

भवदीय
Surya Tiwari
(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक
Manager
Defence College of Commerce
Technical Management
DEORIA (U.P.)-274001

संलग्नक :–

1. महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या **01/OU/Correspondance/2013-14 dated 20//07/2013.**
2. महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या **03/OU/Correspondance/2013-14 dated 06//11/2013.**
3. महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या **04/OU/Correspondance/2013-14 dated 22//11/2013.**
4. महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या **05/OU/Correspondance/2013-14 dated 23//11/2013.**
5. पर्यवेक्षक का स्पष्टीकरण/रिपोर्ट दिनांक 13/09/2013.

पत्रांक संख्या :    /OU/Correspondance/2013-14                    dated : As above

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलाधिपति के प्रमुख सचिव,
   राजभवन, लखनऊ (उ0प्र0)

(सूर्य कान्त तिवारी)
प्रबन्धक

Dr. Shashi Kant Tiwari
*Principal*

09305105130, 08400209727

डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
*Defence College of Commerce & Technical Management*
Deoria (U.P.) - 274001

Letter No. : 02/04/Correspondance/2013 Dated : Sep 2013

प्रेषक,

डा0 शशिकान्त तिवारी
प्राचार्य
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक
देवरिया

महोदय,

निवेदन के साथ कहना है कि प्रार्थी को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आप द्वारा डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट, देवरिया को काली सूची में डालने के लिए कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद को एक पत्र लिखा गया है जिसकी एक प्रति माननीय जिलाधिकारी महोदय, देवरिया को भी प्रेषित है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उक्त पत्र की एक छायाप्रति प्रार्थी को भी देने का कष्ट करें।

भवदीय

Sk Tiwari

(डा0 शशिकान्त तिवारी)
प्राचार्य
डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेन्ट
देवरिया

Principal
Defence College of Commerce & Technical Management
DEORIA (U.P.)

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक
देवरिया।

सेवा में,

डा0 ए0के0 सिंह
कुलसचिव
राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ) फाफामऊ
इलाहाबाद पिन कोड – 211013

पत्रांकः / /2013–14 दिनांक 10 अक्टूबर, 2013

विषयः– अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेंट, देवरिया के दिनांक 20.06.2013 की द्वितीय पाली की परीक्षा को निरस्त करने एवं संस्था को काली सूची में रखने हेतु तथाकथित भेजे गये पत्र के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण के सन्दर्भ में डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेंट, न्यू कालोनी देवरिया द्वारा यह अवगत कराया गया है कि उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपको पत्र प्रेषित किया गया है।

सन्दर्भित प्रकरण में स्पष्ट कहना है कि उक्त विषय अधोहस्ताक्षरी के अधिकार क्षेत्र में नही आता है और न ही ऐसा कोई पत्र आपको प्रेषित किया गया है।

भवदीय

(रामाज्ञा कुमार)
जिला विद्यालय निरीक्षक
देवरिया

पृष्ठांकन सं0:/ मेमो /2013–14 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. कुलपति,
   राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ) फाफामऊ इलाहाबाद – 211013
2. परीक्षा नियंत्रक
   राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ) फाफामऊ इलाहाबाद – 211013
3. प्राचार्य
   डिफेन्स कालेज ऑफ कामर्स एण्ड टेक्निकल मैनेजमेंट,
   न्यू कालोनी देवरिया – 274001

जिला विद्यालय निरीक्षक
देवरिया

शिक्षा अनुभाग 13

संख्या– 2497 / 15–13–09–1(94) / 2009

लखनऊ : दिनांक 27 नवम्बर, 2009

**कार्यालय – ज्ञाप**

शिक्षा निदेशक(मा0) द्वारा अर्द्धशा0प0सं0–डी0ई0 / 1104 दि0–17.11.09 के माध्यम से शासन के संज्ञान में यह तथ्य लाया गया है कि श्री रामाज्ञा कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, महामायानगर (हाथरस) को रू0 50,000 / – की रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेन्स टीम द्वारा दिनांक–12.11.09 को रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। श्री रामाज्ञा कुमार के विरुद्ध थाना कोतवाली हाथरस में विभिन्न धाराओं में पंजीकृत कराये गये मुकदमे में उन्हें मजिस्ट्रेट द्वारा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

2– उपरोक्त के दृष्टिगत श्री रामाज्ञा कुमार, जि0वि0नि0 महामायानगर को उ0प्र0 अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के नियम–4 (3)(क) के अन्तर्गत दिनांक 12–11–2009 से शासन के अग्रिम आदेशों तक निलम्बित समझे जायेंगे।

3– निलम्बन अवधि में श्री रामाज्ञा कुमार को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2, भाग 2 से 4 के मूल नियम –53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महंगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है, भी अनुमन्य होगा किन्तु ऐसे अधिकारी को जीवन निर्वाह के साथ कोई महंगाई भत्ता देय नही होगा, जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के साथ महंगाई भत्ता अथवा महंगाई भत्ते का उपान्तिक समायोजन प्राप्त नही था। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होगें, जब इसका समाधान हो जाए कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं।

4– उपर्युक्त प्रस्तर–2 में उल्लिखित मदों का भुगतान तभी किया जाएगा जब श्री रामाज्ञा कुमार इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति व्यवसाय में नही लगे हैं।

जितेन्द्र कुमार

सचिव।

संख्या–2497 (1) / 15–13–2009 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– शिक्षा निदेशक, माध्यमिक / शिक्षा निदेशक, बेसिक / निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 / साक्षरता वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं, उ0प्र0 लखनऊ।

2– सम्बन्धित मण्डलायुक्त / जिलाधिकारी / कोषाधिकारी / संयुक्त शिक्षा निदेशक।

3– अपर शिक्षा निदेशक, (मा0) / उप शिक्षा निदेशक(सेवा–1) / (सेवा–2), उ0प्र0, इलाहाबाद।

4– श्री रामाज्ञा कुमार (द्वारा जिलाधिकारी, महामायानगर)।

5– गार्ड बुक / सम्बन्धित अधिकारी की व्यक्तिगत पत्रावली में रखने हेतु / कम्प्यूटर।

आज्ञा से,

उत्तर प्रदेश शासन
शिक्षा अनुभाग–13
संख्या– 1292 /15–13–2010–1(94)/09
लखनऊ–दिनांक 22 जून,2010

## कार्यालय –ज्ञाप

श्री रामाज्ञा कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, महामायानगर (हाथरस) को विजलेन्स–टीम दिनांक 12.11.09 को रंगे हाथों पकड़े जाने के फलस्वरूप श्री रामाज्ञा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था । उक्त की सूचना शासन में प्राप्त होने पर कार्यालय ज्ञाप दि0–27.11.09 द्वारा श्री रा० कुमार , जि0वि0नि0 महामायानगर को उ0प्र0 अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के नियम–4 (3) के अन्तर्गत दिनांक 12–11–2009 से शासन के अग्रिम आदेशों तक निलम्बित समझे जाने (deem suspension) संबंधी आदेश निर्गत किया गया ।

2– श्री रामाज्ञा कुमार द्वारा जमानत पर छूटने के उपरान्त नियमानुसार उ0प्र0 सरकारी से (अनुशासन एवं अपील) नियमावली–1999 के नियम–4(3)(ख) के अन्तर्गत निलम्बन समाप्ति हेतु अ अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया । साथ ही अपने अभ्यावेदन के निस्तारण हेतु श्री रामाज्ञा कुमार द्वारा याचिका सं0–9801/2010 योजित की गई। उक्त याचिका में पारित निर्णय दि0–23.2.10 का आप अंश निम्नवत् है :–

> " The writ petition is accordingly disposed of with the directions to respondent no-1 to consider and decide petitioner's statuary representation under Rule 4(3)(b) of the Rules of 1999 in accordance within a period of three weeks from the date a certified copy of this order is produced before the respondent no-1"

3– मा0 न्यायालय के आदेशानुपालन में उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अ नियमावली–1999 के नियम–4(3)(ख) के प्राविधान के अन्तर्गत विचार करते हुये शिक्षा निदेशक (मा0 निलम्बन समाप्ति के बिन्दु पर अभिमत/आख्या मांगी गई, जिसके प्रति शिक्षा निदेशक(मा0) का निम्ना अभिमत प्राप्त हुआ :–

> "प्रश्नगत मामला मा० न्यायालय में विचाराधीन है, जिसके निस्तारण में कतिपय समय लगने की संभावना है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये श्री रामाज्ञा कुमार की बहाली की संस्तुति की जाती है ।"

4– शिक्षा निदेशक(मा0) की उक्त संस्तुति, श्री रामाज्ञा कुमार के 06 माह से अधिक समय निलम्बित होने, उनके विरूद्ध पंजीकृत मुकदमा मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने और उनके वि आरोप तय होने की कोई सूचना विभाग को नहीं प्राप्त होने इत्यादि तथ्यों को ध्यान में रखते हुये स विचारोपरान्त श्री रामाज्ञा कुमार का निलम्बन समाप्त कर उन्हें सेवा में बहाल किया जाता है।

5– श्री रामाज्ञा कुमार के पदस्थापन के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

श्री राज्यपाल के आदेश

जितेन्द्र कुमार
सचिव।

........................2

43

-2-

संख्या- 1292 (1)/15-13-2010-1(44)/09 तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार उ०प्र०, इलाहाबाद।
2- निदेशक,माध्यमिक शिक्षा / बेसिक शिक्षा / एस०सी०ई०आर०टी० / साक्षरता एवं वैकल्पिक शि० उ० प्र० लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक शिक्षा निदेशालय, माध्यमिक उ०प्र० इलाहाबाद।
4- अपर शिक्षा निदेशक (मा०) / उप शिक्षा निदेशक(सेवा-1)/(सेवा-2) उ०प्र० इलाहाबाद।
5- श्री रामाक्षा कुमार , सम्बद्ध कार्यालय शिक्षा निदेशक, माध्यमिक उ०प्र० इलाहाबाद।
6- गार्ड बुक / कम्प्यूटर।
7- सतर्कता अनुभाग-4 , उ०प्र०शासन।

आज्ञा से,

( नन्दन लाल )
उप सचिव।